दैनिक जागरण भोपाल 14 अप्रैल 2015

व्यापार

सोना स्टैण्डर्ड (10 ग्राम)
- भोपाल 27000
- इन्दौर 26800
- दिल्ली 26700

सोना रवा (10 ग्राम)
- भोपाल 26400
- इन्दौर 26200
- दिल्ली 26300

चांदी पाट (प्रति किलो)
- भोपाल 37500
- इन्दौर 37300
- दिल्ली 37400

चांदी टंच (प्रति किलो)
- भोपाल 37000
- इंदौर 36800
- दिल्ली 36900

फोरेक्स रेट

मुद्रा	बिक्री
डॉलर	62.38
पौंड	91.05
येन	51.83
यूरो	66.16

शेयर बाजार 29044.44

BSE Top Gainers

BHARTI AIRTEL	424.5	3.2%
BHEL	241.9	3.0%
SUN PHARMA	1,148.6	2.7%
L&T	1,802.0	2.3%
RELIANCE IND.	922.4	2.1%

BSE Top Losers

M&M	1,250.2	-2.6%
HINDALCO	136.0	-1.4%
GAIL	394.8	-1.1%
TATA MOTORS	555.9	-1.1%
SESA STERLITE	200.6	-0.6%

न्यूज कार्नर

बैंकिंग और आईटी में सबसे ज्यादा नौकरियां

नई दिल्ली, जेएनएन। देश में रोजगार बाजार में तेजी का रूख बना हुआ है। मार्च महीने में नियुक्ति गतिविधियों में 9 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। बैंकिंग और आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा नियुक्तियां देखी गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रोजगार बाजार के परिदृश्य में तेजी का रख बना हुआ है। नौकरी जॉब स्पीक सूचकांक पिछले महीने 1,609 पर रहा, जो मार्च, 2014 की तुलना में 9 प्रतिशत वृद्धि है। नौकरी.कॉम के कार्यकारी उपाध्यक्ष व मुख्य बिक्री अधिकारी वी सुरेश ने कहा कि अभी मूड सकारात्मक है। हमें उम्मीद है कि यह सूचकांक और बढ़ेगा। विभिन्न क्षेत्रों में सतर्कता भरी उम्मीद है। मेरे विचार में 2015-16 का साल विभिन्न शहरों व उद्योगों में नौकरी चाहने वालों के लिए खुशी लाएगा। साल दर साल आधार पर जिन क्षेत्रों में नौकरियों में सबसे अधिक इजाफा हुआ उनमें बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं तथा लेखा और वित्त शामिल हैं। मार्च, 2015 में लेखा और वित्त, आईटी-विज्ञापन-पीआर-एमआर तथा तेल एवं गैस क्षेत्रों में नियुक्तियों में सालाना आधार पर क्रमशः 43 प्रतिशत, 27 प्रतिशत व 12 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

दूरसंचार कंपनियों को शुल्क बढ़ाने की इजाजत न दे भारत

न्यूयार्क, जेएनएन। भारत में इंटरनेट निरपेक्षकता को लेकर बढ़ रही बहस के बीच कहा है कि भारत के नीति निर्माताओं को दूरसंचार कंपनियों को इंटरनेट सेवाओं के लिए अतिरिक्त शुल्क वसूलने की इजाजत नहीं देनी चाहिए क्योंकि इस तरह के कदम से उपभोक्ता और स्टार्ट-अप इंटरनेट कारोबारी प्रभावित हो सकते हैं। नेट निरपेक्षकता को वैश्विक खतरा संपादकीय में लिखा गया है कि इंटरनेट इतना सफल हुआ है, इसके मुख्य कारणों में से एक यह है कि लोग आम तौर पर अपने मन मुताबिक इसका इस्तेमाल करते रहे हैं। संपादकीय में यूरोपीय परिषद का उदाहरण दिया गया है जिसने एक ऐसा प्रस्ताव स्वीकार किया है जिससे दूरसंचार कंपनियों को नेटफ्लिक्स और गूगल जैसी इंटरनेट कंपनियों से शुल्क वसूलने की अनुमति होगी।

29044 अंक के साथ एक महीने के उच्चतम स्तर पर सेंसेक्स

मुंबई, जेएनएन। बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स सोमवार को 165 अंक की तेजी के साथ एक बार फिर 29,000 अंक के स्तर को पार कर 29,044.44 अंक पर पहुंच गया। यह इसका एक महीने का शीर्ष स्तर है। फरवरी माह के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहने से बाजार में तेजी आई। नेशनल स्टाक एक्सचेंज के निफ्टी में लगातार सातवें दिन बढ़त दर्ज हुई। देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर फरवरी में पांच प्रतिशत बढकर नौ माह के उच्चस्तर पर पहुंच गई है। खनन व विनिर्माण गतिविधियों में तेजी से औद्योगिक उत्पादन बढ़ा है। ब्रोकरों ने कहा कि पूंजीगत सामान क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में लेवाली से बाजार धारणा को बल मिला। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले बाजार में सतर्कता का माहौल रहा। सेंसेक्स व निफ्टी के बंद का 5 मार्च के बाद यह सबसे उंचा स्तर है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 16 में लाभ रहा, जबकि 14 नुकसान के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 28,955.13 अंक पर मजबूत खुलने के बाद लेवाली गतिविधियों से शीघ्र 29,000 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली का सिलसिला शुरु होने से यह एक समय टूटकर दिन के निचले स्तर 28,843.94 अंक तक आया।

मप्र के उद्योगपतियों को साऊथ अफ्रीका से न्यौता

व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल। सीआईआई के प्रतिनिधियों एवं साउथ अफ्रीका के गौतेंग प्रांत के प्रतिनिधि मंडल के बीच सोमवार को परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में गौतेंग प्रांत के प्रिमेयर (मुख्यमंत्री) डेविड मलेमोल्ला मखुरा एवं उनके मंत्रियो का दल मौजूद रहा। परमाली वेलिस के परिसर में आयोजित इस परिचर्चा में विभिन्न उद्योग प्रतिनिधि एवं सीआईआई के सदस्यों ने भाग लिया। श्री मखुरा द्वारा साउथ अफ्रीका गौतेंग प्रांत में निवेश की संभावनाओ पर प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने मध्य प्रदेश के उद्योगपतियों को गौतेंग में मई 2015 में आयोजित होने वाली इन्वेस्टमेंट मीट में आने का न्यौता दिया। इस अवसर पर सीआईआई के चेयरमैन विजय अग्रवाल द्वारा मध्य प्रदेश के औद्योगिक वातावरण एवं सीआईआई द्वारा किए गए प्रयासों का प्रस्तुतीकरण किया गया। सीआईआई के वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप करम्बेलकर द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आभार प्रकट किया गया।

महंगाई दर में कमी, रिटेल महंगाई दर 5.17 प्रतिशत

मुंबई, जेएनएन। महंगाई के मोर्चे पर राहत मिलती दिखाई दे रही है। मार्च में सीपीआई महंगाई दर महीने दर महीने आधार पर 5.37 फीसदी से घटकर 5.17 फीसदी हो गई है। मार्च में खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर महीने दर महीने आधार पर 6.79 फीसदी से घटकर 6.14 फीसदी हो गई है।

मार्च में ग्रामीण इलाकों की महंगाई दर फरवरी के 5.79 फीसदी से घट कर 5.58 फीसदी हो गई है। मार्च में शहरी इलाकों की महंगाई दर 4.75 फीसदी हो गई है जबकि फरवरी में शहरी इलाकों की महंगाई दर 4.95 फीसदी रही थी। मार्च में सब्जियों की महंगाई दर 13.01 फीसदी से घटकर 11.26 फीसदी हो गई है। मार्च में क्लोदिंग और फुटवियर महंगाई दर फरवरी के 6.38 फीसदी से घटकर 6.27 फीसदी हो गई है। मार्च में ईंधन और बिजली की महंगाई दर 5.07 फीसदी हो गई है जबकि फरवरी में ईंधन और बिजली की महंगाई दर 4.72 फीसदी रही थी।

सितंबर में फेड बढ़ाएगा दरें : एसएंडपी

मुंबई, जेएनएन। दिग्गज रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व सितंबर से दरें बढ़ा सकता है। एसएंडपी के मुताबिक अमेरिकी फेड की रोजगार के आंकड़ों में सुधार पर नजर है। एसएंडपी का कहना है कि सितंबर में दरों में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी संभव है और दिसंबर तक दरें 0.75 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। वहीं एसएंडपी ने ये भी कहा कि भारत में महंगाई दर कम हो रही है।

चालू वित्त वर्ष में 7.9 प्रतिशत होगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर : मार्गन स्टैनले

मुंबई, जेएनएन। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मार्गन स्टैनले ने बताया है कि नीतिगत सुधारों, घरेलू मांग में तेजी और निम्न मुद्रास्फीति के बल पर देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.9 प्रतिशत रहेगी और वित्त वर्ष 2016-17 में 8.4 प्रतिशत रहेगी। मार्गन स्टैनले ने एक परिपत्र में कहा कि उत्पादक निवेश बहाल करने एवं कम प्रभावशाली पुनर्वितरण वाली नीतियों को समाप्त करने जैसे नीतिगत उपायों को लागू करने के सरकार के दृढ़ प्रयासों से अर्थव्यवस्था को तेजी की पटरी पर लाने में मदद मिल रही है।

परिपत्र में कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि की गणना की नई पद्धति के तहत चालू वित्त वर्ष में बाजार मूल्यों पर जीडीपी वृद्धि दर 7.9 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में यह 8.4 प्रतिशत रहेगी। गौरतलब है कि देश ने जीडीपी वृद्धि की गणना के लिए एक नई व्यवस्था अपनाई है जिससे भारत दुनिया में सबसे तेज वृद्धि हासिल करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो गया है।

यामाहा की सुपरबाइक लांच, कीमत 29.43 लाख

नई दिल्ली, जेएनएन। यामाहा मोटर इंडिया सेल्स ने भारत में अपनी सुपरबाइक वाईजेडएफ-आर1एफ पेश कर दी है। इस बाइक की दिल्ली शोरुम में कीमत 29.43 लाख रुपए है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 998 सीसी इंजन वाली यह मोटरसाइकिल केवल ऑर्डर पर उपलब्ध होगी। कंपनी ने वाईजेडएफ-आर1 मॉडल को दो नए रंगों में पेश करने की भी घोषणा की। वाईजेडएफ-आर1 माडल 22.34 लाख रुपए में उपलब्ध है।

नई दिल्ली में एचपी ने लेजरजेट प्रिंटर्स की नई सीरील के लांचिंग की घोषणा की। यह री-इंजीनियर्ड प्रिंटर्स व्यवसायों को अधिक दक्ष बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। जेटइंटेलिजेंस के साथ टोनर फॉर्मुलेशन में नवीन-ओरिजनल एचपी टोन कार्टिऊजेस से बनाए एच लेजरजेट 53 प्रतिशत कम बिजली की खपत होती है और 40 प्रतिशत कम स्थान में आसानी से समा जाते हैं।

अगले माह लांच होगी भारत में बनी पहली स्पोर्ट्स कार डीसी अवंति

मुंबई, जेएनएन। डीसी अवंति अगले महीने अपनी स्पोर्ट्स कार लांच करने वाली है और इसकी खास बात यह है कि यह कार भारत में बनी है। इस स्पोर्ट्स कार को डीसी डिजाइन नाम की कंपनी ने बनाया है और इसे पहली बार दिल्ली ऑटो एक्स्पो 2012 में देखा गया था। डीसी अवंति को 762 कारों की कंफर्म बुकिंग पहले से ही मिल चुकी है। कंपनी भी इस कार को 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर डिलिवर करेगी। अगले महीने लांच के साथ कंपनी 25 कारों का पहला बैच ग्राहकों तक पहुंचाएगी।

कार की खास बातें

डीसी डिजाइन द्वारा बनाई गई यह अवंति 4550 एमएम लंबी, 1,965 एमएम चौड़ी, 1,200 एमएम ऊंची है और इसका ग्राउंड क्लीयरेंस 170 एमएम है। यह कार भारत में ड्राइव करने के हिसाब से ठीक है। इसके साथ ही इस कार में बहुत से कार्बन फाइबर पार्ट्स को कंपनी के इंजीनियरों द्वारा बनाया गया है।

पावर की बात करें तो अवंति में 2.0 लीटर का 4 सिलेंडर टर्बोचार्ज्ड इंजन लगा है जो सीट के पीछे और रियर वील्स के बीच है।

2.0 लीटर का यह इंजन 248 बीएचपी का पावर और 241 एनएम का टार्क पैदा करता है। यह कार 4 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ काम करती है जो रीयर वील्स को घुमाता है।

सुरक्षा के लिए इस कार में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम के साथ कई मानक उपकरण दिए गए हैं।

इस कार को खरीदने वाले 40,000 बाहरी रंगों और 4,000 अलग इंटीरियर का चयन कर सकते हैं। इस कार की कीमत 25 से 35 लाख के बीच हो सकती है।

सहारा ने रिफंड खाते के दावे का किया समर्थन

नई दिल्ली, जेएनएन। सेबी के साथ लंबे समय से कानूनी विवाद के उलझे सहारा ने अमेरिकी अदालत के सामने नियामक के समक्ष संकट ग्रस्त समूह की कार्पोरेट जेट बेचने से मिली करीब 1.3 करोड़ डॉलर की राशि वापस लाने के दावे का समर्थन किया है। समूह ने इस मामले में सेबी के सक्रिय योगदान की भी प्रशंसा की जो भारत में एक मुकदमे के बाद सहारा समूह के स्वामित्व वाले कॉर्पोरेट जेट की बिक्री के अदालती आदेश से जुड़ा है और एस्क्रो खाते में रखी राशि के वितरण पर विचार के लिए रिसीवर (मुकदमे से जुड़ा संपत्ति का सरकारी प्रबंधक) नियुक्त किया गया था।भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कोष के दावे के साथ पिछले महीने इंडियानापोलिस अदालत की अदालत का दरवाजा खटखटाया था जिसे सेबी-सहारा रिफंड खाते में हस्तांतरित करने की जरूरत है ताकि भारत के उच्चतम न्यायालय के आदेश का अनुपालन किया जा सके। अमेरिकी अदालत ने यह मांग खारिज कर दी क्योंकि यह दावा तय समय सीमा के बाहर किया गया था और यह इसके आदेश के अनुरूप नहीं था। बहरहाल, अदालत ने रिसीवर को दावे की वैधता की जांच करने और इसके आधार पर फैसला करने के लिए कहा था। इस घटनाक्रम पर सहारा समूह के प्रवक्ता ने कहा कि सहारा समूह की एक कंपनी, हॉस्पिटैलिटी बिजनेस लिमिटेड ने एक नया एयरबस ए319 विमान खरीदा था।

भोपाल बाजार

शकर - हनुमान गंज थोक बाजार में आज शकर महाराष्ट्र एस 2600-2650, एम 2675-2750, कट्टे 2700 रुपए, गुड़ 2600-3100। आटा : 50 किलो 1075-1175, मैदा 50 किलो 1150-1250, 90 किलो 2600-2700, सूजी 50 किलो 1400-1500। दाल- चावल हनुमान गंज में बंद भाव इस प्रकार रहे। दालें : तुअर पेकिंग 6500-7000, तुवर बोल्ड 6200-6700, मीडियम 5600-6200, बारीक 5000-5500, चना दाल 3200-3700, मूंग मोगर 8400-8900, मूंग छिलका 7700-8200, मूंग साबूत 7600-8000, उड़द मोगर 8400-8800, छिलका 7800-8500, साबूत 7700-8400, काबुली चना 5500-6000, मटर 5400-5900, पोहामोटा 2600-2800, बारीक 2700-3250, पोहा कागजी 3300, 1 किलोग्राम 3300-3500, 5 किलोग्राम 3750, नागपुर 2700-2900, लाई 3700-4400। चावल : नर्मदा बासमती पुराना चावल प्रीमियम 7600-7900, मेट्रो 6400-6800, रेगूलर 5400-5700, सुपर मोगरा 4700-4800, मोगरा 3700-3900, टिनी मिनी 2200-2300, गंगाभोग 3500, शक्तिमान 3200, गोल्डन सेला 5500-9500, झिल्ली 2100-2600 रुपए, दुबराज डब्बूजी 4800-5000 रुपए।

मनीमैटर

स्टार्टअप कंपनियों को पूंजी जुटाने के लिए एक और प्लेटफॉर्म

पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा नई उम्र की कंपनियों (स्टार्टअप) को खोजपरख व्यवसाय वाले मॉडल को प्रमोट करने के लिए अल्टरनेट कैपिटल रेजिंग प्लेटफॉर्म का प्रस्तावित है। सेबी ने 31 मार्च को इस संबंध में एक चर्चापत्र भी जारी किया है।

महावीर लुनावत
समूह प्रबंध निदेशक, पंठोमाथ कैपिटल एडवाइजर्स प्रा.लि.
www.pantomathgroup.com
www.smeipo.net

प्रस्तावित अल्टरनेट कैपिटल रेजिंग प्लेटफॉर्म शुरुआती दौर में उन कंपनियों के लिए हैं जो सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट डेवलपमेंट, ई-कॉमर्स या स्टार्टअप आदि के क्षेत्र में हैं और जिनके पास खोज परख व्यवसाय वाले मॉडल है और जो व्यवसाय के नए अवसर का निर्माण कर सकें या जो वर्तमान व्यवसाय की गतिविधियों में कुशलता का विस्तार कर सकें।

सख्त नियामक के दौर में ट्रैक रिकॉर्ड की जरूरत, बेहतर मूल्य की खोज और बड़े संस्थागत निवेशकों की अनुपस्थिति तमाम भारतीय कंपनियों को ओवरसीज एक्सचेंजों के लिए अवसर दे रही है। हाल में भारतीय ई-कॉमर्स फर्म कूव एवं सॉफ्टवेयर कंपनी आईएमआई मोबाइल ने 88 मिलियन डॉलर की राशि आईपीओ के जरिए लंदन स्टॉक एक्सचेंज के एआईएम प्लेटफॉर्म से जुटाई है। उद्योगों को सक्षम वातावरण मुहैया कराने के लिए भारतीय कंपनियों को भारत के बाहर के एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध होने के लिए सेबी ने पूंजी जुटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया है। भारत में पूंजी बाजार नियामक द्वारा भारतीय एसएमई को पूंजी बाजार से पैसे जुटाने के लिए यह तीसरा कदम है जबकि इससे पहले एसएमआई और आईटीपी जैसे प्लेटफॉर्म भी लांच किए गए हैं।

इस पहल के जरिए सेबी ने तमाम नियामकीय कठिनाइयों को केवल पेशेवर रूप से प्रबंधित कंपनियों के लिए कम करने की कोशिश की है जिसमें वे कंपनियां हैं जिनके प्रवर्तक की शेयरधारिता 25 फीसदी से कम है।

प्रस्तावित प्लेटफॉर्म के लिए निम्नलिखित बिंदु हैं:

1- न्यूनतम ऑफर साइज 50 करोड़ रुपए हो
2-निवेशकों के मंजूर वर्गों में क्यूआईबी और एचएनआई का समावेश है।
ए- क्यूआईबी की परिभाषा को विस्तारित करते हुए व्यवस्थित महत्वपूर्ण एनबीएफसी को भी शामिल किया गया है जो रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के तहत स्थापित हैं। कोई और संस्थान जो सेबी में पंजीकृत हैं तथा न्यूनतम नेटवर्थ 500 करोड़ रुपए है वो भी क्यूआईबी में आ सकते हैं।
बी- क्यूआईबी द्वारा ऑफर की सदस्यता कम से कम 75 फीसदी होनी चाहिए और बाकी का हिस्सा एचएनआई के द्वारा लिया जाना चाहिए।
1- निर्गम जारी करने वाली कंपनी के लिए जरूरी है कि वह सेबी के पास सेबी नियमों के मुताबिक ऑफर डाक्यूमेंट फाइल करे।
2-ध्यान देने वाली बात है कि जिन स्टार्टअप कंपनियों के प्रवर्तक की शेयरधारिता 25 फीसदी से कम है, वे ही इस प्रस्तावित अल्टरनेट कैपिटल रेजिंग प्लेटफॉर्म से पैसे जुटा सकते हैं।
3-न्यूनतम कारोबारी लॉट इस प्लेटफॉर्म पर 5 लाख रुपए का होगा।
4-इस पर सूचीबद्ध होने वाली कंपनी के पास यह विकल्प होगा कि वह सूचीबद्ध होने के एक साल बाद प्रत्यक्ष रूप से मुख्य बोर्ड पर जा सकती है।
5- वैश्विक पूंजी बाजार के नियमों के अनुसार नियामकीय जरूरत और खुलासा इस प्लेटफॉर्म के लिए प्रस्तावित हैं जो निम्न है।
ए- लाभ के ट्रैक रिकॉर्ड की कोई जरूरत नहीं है। यहां तक की घाटे में चल रही कंपनियां भी इस प्लेटफॉर्म पर आ सकती हैं।
बी- इस ऑफर का जनरल कॉर्पोरेट के उद्देश्य से भी उपयोग किया जा सकता है।
सी- फ्लैक्सिबल इश्यू प्राइसिंग जस्टीफिकेशन
यह सेबी द्वारा भारतीय कंपनियों के लिए तीसरी पहल है, जिसके जरिए पूंजी बाजार से एसएमई पूंजी जुटा सकती हैं। अब तक कुल 89 कंपनियां एसएमई एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हुई हैं जिसमें से तीन कंपनियां मुख्य बोर्ड पर जा चुकी हैं। 7 कंपनियां एनएसई के इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं।

सर्विस के लिए बैंकों को देना होगा अब इतना चार्ज



नई दिल्ली, जेएनएन। अप्रैल की पहली तारीख से कई बदलाव किए गए हैं कुछ बदलाव आपको राहत देने वाले हैं, तो कुछ सीधे आपकी जेब हल्की करने वाले। 1 अप्रैल से कई प्राइवेट बैंकों ने सर्विस चार्ज बढ़ा दिए हैं। यह चार्ज ले रहे हैं ये बैंक।

मिनिमम बैलेंस न रखने पर चार्ज : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) कोई फीस नहीं ले रहा। एचडीएफसी बैंक सेविंग्स अकाऊंट में मिनिमम बैलेंस न होने की स्थिति में अलग-अलग स्लैब के मुताबिक चार्ज लगाएगा।

अब 150 से 600 रुपए तक पेनल्टी लगेगी। आईसीआईसीआई बैंक में मिनिमम बैलेंस न रखने पर बैंक बड़े शहरों में 100 रुपए महीना पेनल्टी लगाता है और छोटे शहरों में 50 रुपए महीना।

दोबारा एटीएम पिन जारी करने पर : दोबारा एटीएम पिन जारी करने पर एसबीआई 51 रुपए, पीएनबी 25 रुपए, एचडीफसी 50 रुपए और आईसीआईसीआई बैंक 50 रुपए फीस ले रहा है।

अगर आप साल में दूसरी बार चेक बुक लेते हैं तो एसबीआई पहली चेक बुक फ्री देगा, दूसरी बार चेक बुक लेने पर 2 रुपए प्रति चेक लीफ देने होंगे। पीएनबी पहली चेक बुक फ्री देगा, दूसरी बार चेक बुक लेने पर 2.25 से 2.50 रुपए प्रति चेक लीफ देने होंगे। एचडीएफसी पहली चेक बुक फ्री देगा, दूसरी बार चेक बुक लेने पर (25 लीफ की) 50 रुपए देने होंगे। आईसीआईसीआई पहली चेक बुक फ्री और दूसरी बार चेक बुक लेने पर (25 लीफ की) 75 रुपए देने होंगे।

डैबिट कार्ड सालाना फीस :
एसबीआई : बिना फीस के जारी करता है। एक साल बाद 100 रुपए सालाना फीस ली जाती है।
पीएनबी : बिना फीस के जारी करता है। एक साल बाद 100 रुपए सालाना फीस ली जाती है।
एचडीफसी : बिना फीस के जारी करता है। एक साल बाद 150 रुपए सालाना फीस ली जाती है।
आईसीआईसीआई : बिना फीस के जारी करता है। एक साल बाद 150 रुपए सालाना फीस ली जाती है।
प्रिंटेड स्टेटमेंट लेने पर : एसबीआई, आईसीआईसीआई, पीएनबी कोई फीस नहीं ले रहा और एचडीफसी ब्रांच से निकलवाने पर 100 रुपए फीस।

इंस्टा अलर्ट

एसबीआई :	15 रुपए
पीएनबी :	17 रुपए
एचडीफसी :	17 रुपए
आईसीआईसीआई :	15 रुपए

पासबुक इश्यू : पासबुक इश्यू कराने पर एसबीआई, पीएनबी, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक कोई फीस नहीं ले रहा। इसके साथ बैलेंस इन्क्वायरी के लिए भी कोई चार्ज नहीं लिया जा रहा है।

फैसला स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने जारी किया नया नियम

अब एक बैंक में एक से ज्यादा सेविंग्स अकाउंट नहीं खुलेंगे

नई दिल्ली, जेएनएन। अगर आप एक से ज्यादा सेविंग्स अकाउंट मेनटेन करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको अलग-अलग बैंकों का रूख करना होगा, क्योंकि आरबीआई के नए नियमों के मुताबिक किसी एक बैंक में केवल एक ही सेविंग्स अकाउंट खोला जा सकता है। यहां तक कि उस बैंक की किसी अन्य शाखा में भी सेविंग्स अकाउंट नहीं खोला जा सकता।

अगर कोई व्यक्ति एक ही बैंक की एक से अधिक शाखाओं में सेविंग्स अकाउंट खुलवाता है तो उसे 30 दिनों के भीतर उस बैंक की शाखाओं में अपने तमाम सेविंग्स खाते बंद करने होंगे। यह नया नियम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने लागू कर दिया है। यानी कि एसबीआई बैंक के साथ आप केवल एक ही सेविंग्स अकाउंट खोल सकते हैं। एक से अधिक शाखाओं में एक पैन कार्ड को स्वीकार ही नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरे बैंक भी इस नियम को लागू करने में सख्ती बरत रहे हैं। एक बैंक में एक से ज्यादा खाते रखे जा सकते हैं लेकिन एक बैंक में एक से ज्यादा सेविंग्स अकाउंट नहीं खोले जा सकते। यानी कि एक बैंक में एक सेविंग्स अकाउंट और एक करंट अकाउंट खोला जा सकता है, हालांकि सेविंग्स अकाउंट वाला यह नियम ज्वाइंट अकाउंट के ग्राहकों पर लागू नहीं होता।

आरबीआई गवर्नर का वीटो होगा खत्म!

मुंबई, जेएनएन। जानकारी के मुताबिक सामान्य हालात में रेपो रेट पर आरबीआई गवर्नर का वीटो खत्म हो सकता है। सूत्र के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक सरकार सामान्य हालात में रेपो रेट पर आरबीआई गवर्नर के वीटो के अधिकार को खत्म करने पर विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक ऐसा होने पर असामान्य हालात में ही रेट पर आरबीआई गवर्नर को वीटो अधिकार होगा। अब बैंक रेट तय करने का अंतिम अधिकार मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी के पास होगा। वीटो हटाए जाने से टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी, मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी में फर्क खत्म हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस मुद्दे पर 8 अप्रैल को आरबीआई गवर्नर के साथ वित्त मंत्रालय के अधिकारियों की बैठक हुई थी। सूत्रों के मुताबिक इस बारे में फाइनेंस बिल पर जवाब के दौरान सरकार सफाई दे सकती है।